




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 13 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 267 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# चढ़ावा चोरी पर सुप्रीमकोर्ट सख्त

## उत्तर प्रदेश सरकार को जारी किया नोटिस, एसआईटी से मांगी रिपोर्ट



**● मामले की अगली सुनवाई होगी 20 जुलाई को**

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी से मामले की जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इस मामले पर अब अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पीठ के समक्ष पेश हुए। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि स्टेटस रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में देने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राम मंदिर ट्रस्ट को नोटिस टालने की अपील की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्ड को भी संरक्षित करने की जरूरत थी। साथ ही याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि उन्हें भी जांच की स्टेटस रिपोर्ट मुहैया कराई जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की इस मांग को खारिज कर दिया और कहा कि 'हम इस बारे में बाद में देखेंगे क्योंकि अभी जांच जारी है।' वकील नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने रिट याचिका दायर की है। इनके अलावा अजय कुमार राय और अन्य की ओर से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और अन्य के खिलाफ दायर एक क्रिमिनल रिट याचिका और आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह की एक अलग याचिका शामिल है। गोस्वामी की याचिका में राम जन्मभूमि मंदिर में किए गए दान से संबंधित अभिलेखों और साक्ष्यों के संरक्षण और मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता लाने के निर्देश देने की मांग की है। याचिका के अनुसार, सार्वजनिक मंदिर में किसी देवता को चढ़ाया गया चढ़ावा पवित्र न्यास संपत्ति है, जो एक कानूनी इकाई के रूप में देवता में निहित होती है और ऐसे चढ़ावे का प्रबंधन करने वाले व्यक्ति पारदर्शिता, जवाबदेही और संरक्षण के कर्तव्यों से बंधे न्यासी होते हैं।

### मद्रास हाईकोर्ट के गोवध प्रतिबंध के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु में कहीं भी बकरीद या किसी अन्य दिन गाय या बछड़े के वध पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटिशन पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। राज्य सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें पूरे राज्य में गायों और बछड़ों के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया था। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश का अंतिम पैराग्राफ, जिसमें राज्यभर में प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया था, प्रथम दृष्टया सुधार की मांग करता है।

### नामांकन के तुरंत बाद तेज प्रताप यादव की प्रत्याशी गिरफ्तार

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को समाहरणालय परिसर में हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) की प्रत्याशी वीणा मानवी को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार वीणा मानवी के खिलाफ धोखाधड़ी (धारा 420) के एक मामले में न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। पुलिस टीम के पहुंचते ही वीणा मानवी वहां से निकलने का प्रयास करती नजर आईं, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के दौरान वीणा मानवी ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है।

### मोदी की जींद रैली में विस्फोट की धमकी, स्कूलों में ई-मेल से हड़कंप

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में एक बार फिर बम की धमकी से हड़कंप मच गया। इस बार ई-मेल के जरिए एमिटी स्कूल, सालवन पब्लिक स्कूल, एयरफोर्स स्कूल और मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जांच में पता चला है कि यह ई-मेल बांग्लादेश के आईपी एड्रेस से भेजा गया है। ई-मेल में 17 जुलाई को जींद में होने वाली पीएम मोदी की रैली में भी बम विस्फोट की धमकी दी गई है। सूचना के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिलते ही सभी संबंधित परिसरों से बच्चों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### 181 पीसीएस अधिकारियों का तबादला, 363 अफसर इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 181 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। महज 12 घंटे के भीतर राज्य में कुल 363 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। शासन के आदेश के तहत कई तहसीलों के एसडीएम बदले गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी तबादला सूची में बड़ी संख्या में उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) को एक जिले से दूसरे जिले में भेजा गया है, जबकि कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### 7 दिन में फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून 18 राज्यों में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

## बिजली कटौती पर सपा का अर्धनग्न प्रदर्शन




**देवरिया।** बरहज विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। दोपहर करीब 12 बजे सपा कार्यकर्ता हाथों में लालटेन और हाथ वाले पंखे लेकर बरहज तहसील पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 48 घंटे से बरहज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। सपा नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली कटौती से आम जनता, किसान, व्यापारी और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सपा नेता विजय रावत ने बताया कि क्षेत्र के वार्ड संख्या-24 स्थित लगड़ा पोल की मरम्मत के लिए बिजली विभाग को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतों के बावजूद विभाग और जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं।

### अनंत और गुंजन को कोर्ट से मिली जमानत

**गोपालगंज।** मोकामा के विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी अभिनेता गुंजन सिंह ने सोमवार को गोपालगंज सिविल कोर्ट में आर्म्स एक्ट के एक मामले में आत्मसमर्पण (सरेंडर) किया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोर्ट परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जानकारी के अनुसार, यह मामला 2-3 मई की रात मीरगंज थाना क्षेत्र में किया गया था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों के खिलाफ प्राथमिकी की थी। मामले में न्यायालय की प्रक्रिया के तहत दोनों ने सोमवार को अदालत में उपस्थित होकर सरेंडर किया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अनंत सिंह और गुंजन सिंह को जमानत प्रदान कर दी। जमानत मिलने के बाद दोनों अदालत से बाहर निकल गए।

## खान सर को मिली अग्रिम जमानत

**● तीन सहयोगियों और दो अंगरक्षकों को भी राहत**




**पटना।** बिहार के चर्चित शिक्षक फैजल खान और रौशन आनंद विवाद में बड़ा अपडेट आया है। फायरिंग मामले में फैजल खान की अग्रिम जमानत पर सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें फैजल खान को अदालत से बड़ी राहत मिली है। उनके अधिवक्ता अरविंद कुमार ने बताया कि कोर्ट ने खान सर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। साथ ही इस मामले में खान सर के तीन अन्य सहयोगियों को भी अग्रिम जमानत मिल गई है। वहीं, जेल में बंद दो बॉडीगार्ड को भी अदालत ने जमानत दे दी है। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई आगे भी नियमानुसार जारी रहेगी। फिलहाल अदालत के आदेश के बाद सभी पक्ष आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करेंगे। सुनवाई के बाद अदालत के आए फैसले से फैजल खान उर्फ खान सर और उनके सहयोगियों ने काफी हद तक राहत महसूस की।

## बीवी की गोली मारकर हत्या



**● पुलिस के जवान ने दिया घटना को अंजाम**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर इलाके में दिल्ली पुलिस के एक जवान ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। आरोपी मनीष भाटी दिल्ली पुलिस के पूर्वी दिल्ली जिला एटीएस (एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड) में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। मनीष की पत्नी की सोमवार तड़के तबीयत बिगड़ गई थी। उसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसी विवाद के दौरान मनीष भाटी ने अपनी पत्नी पर गोली चला दी।



### ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री पुतिन ने भेजा 'प्रलयकारी' विमान

**तेहरान।** ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री देखने को मिल रही है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अपने सबसे सुरक्षित हवाई कमांड विमानों में से एक को तेहरान भेजा है। इस बात का खुलासा उड़ान ट्रैकिंग डेटा से हुआ है। रूस ने जिस हवाई कमांड विमान Tu-214PU को तेहरान भेजा है, उसे प्रलयकारी विमान भी कहा जाता है। Tu-214PU, टुपोलेव Tu-214 यात्री विमान का एक विशेष संस्करण है। इस विमान का इस्तेमाल क्रेमलिन यानी रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के लिए एक 'उड़ते हुए कमांड पोस्ट' के रूप में किया जाता है। दरअसल, रूस द्वारा ईरान में इस विमान की तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिका ने हमले तेज कर दिए हैं और हरान ने भी इसका करारा जवाब देने की कसम खाई है।

### खड़े ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, तीन की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। रूमा स्थित न्यू जेके ढाबा के पास हाईवे पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। स्कॉर्पियो सिरसा, हरियाणा से बिहार जा रही थी। इसमें 12 लोग सवार थे। स्कॉर्पियो किसी अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।

## कच्चे तेल में उछाल से संकट में बाजार

**● सेंसेक्स 616 अंक और निफ्टी 190 अंक फिसला**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के कारण सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। दो दिनों की लगातार तेजी के बाद सप्ताह के पहले कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों ने भारतीय शेयर बाजार पर दोहरा दबाव बनाया। दो दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 616.15 अंक लुढ़ककर 76,946.97 अंक पर आ गया। वहीं, एनएसई का निफ्टी 190.50 अंक टूटकर 24,015 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एनटीपीसी, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड के शेयर बढ़त में कारोबार कर रहे थे।

### रुपये में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 39 पैसे टूटकर 95.77 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि घरेलू मुद्रा के कमजोर शुरुआत के साथ 95.53 प्रति डॉलर के स्तर पर खुलने की उम्मीद थी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 13 जुलाई, सोमवार, 2026 (2)





## अभी यहां विकास नहीं पहुंचा है

**वाराणसी।** विकास अभी यहां तक नहीं पहुंच पाया है। यहां के लोग हमेशा बारिश न होने की दुआएं मांगते रहते हैं। मामूली बारिश में ही यह छोटा लालपुर स्थित संकठा कालोनी के नाम से पहचान रखने वाला मुहल्ला ताल-तलैया में तब्दील हो जाता है। ऐसे में सावन भादों के दौरान क्या आलम होता होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# धानुका की 8वीं शाखा का शुभारंभ

## अर्दली बाजार में 16 जुलाई को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी करेंगी ग्रैंड ओपनिंग





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पूर्वांचल के प्रतिष्ठित व लोकप्रिय प्रतिष्ठान 'धानुका सिल्क' की आठवीं शाखा का शुभारंभ 16 जुलाई को बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी द्वारा महावीर मंदिर रोड स्थित वी-मार्ट शोरूम के समीप होने जा रहा है। यह जानकारी 'धानुका सिल्क' प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता गौरी धानुका ने देते हुए बताया कि ओपनिंग सेरेमनी में नगर के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, व्यापारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि शुभारम्भ प्रातः दस बजे होगा तथा समारोह रात्रि आठ बजे तक चलेगा। 'धानुका सिल्क' जो कि बनारसी परम्परा व स्टाइल का बेहतरीन संगम माना जाता है। यहां साड़ी-लहंगे के खास कलेक्शन के अलावा सूट, डिजाइनर गाउन्स, सिल्क की बेहतरीन साड़ियां, जिसकी हर वेरायटी ग्राहकों के लिए खास होंगी।

# कचहरी में भिड़े वकील

**● जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट**

**वाराणसी।** कलेक्ट्रेट परिसर में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के पास सोमवार की दोपहर वकीलों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट ने कचहरी परिसर में तनाव पैदा कर दिया। यह घटना जमीन विवाद को लेकर हुई, जिसमें एक अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस कर्मी पहुंचे और उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने दखल देकर दोनों पक्षों के बीच विवाद को शांत कराया और कानून व्यवस्था बहाल की। बताया कि इस मामले में जो भी तहरीर प्राप्त होगी उसी अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। यह विवाद एक जमीन के स्वामित्व को लेकर था, जिसमें दोनों पक्षों के वकील शामिल थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई, घायल अधिवक्ता को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं कचहरी परिसर में कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती हैं।




# हरा-भरा प्रदेश : खुशियों का संदेश

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आगाज

### महापौर ने मडुआडीह में पौधा रोपकर किया आगाज



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम को गति देने के लिए सबसे पहले महापौर अशोक कुमार तिवारी ने रविवार को मडुआडीह स्थित गणेश पोखरा पर पौधरोपण अभियान का आगाज किया। इस दौरान नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने ऋषि मांडवी तालाब तथा सारंग तालाब पर व सभी पार्षदों ने अपने अपने वार्डों में पीपल, बरगद, पाकुड़, गूलर, नीम, शीशम, जामुन, महुआ, आम, महोगनी, अर्जुन, चिलबिल, गुलमोहर, जकरंडा, कचनार, अमलतास सहित 101 प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। इसके बाद महापौर ने अंबालिकापुरी कॉलोनी के पार्क में शीशम का पौधा रोपकर पौधारोपण की शुरुआत की।

### एक दिन में 35 करोड़ पौधों के रोपण का ऐतिहासिक लक्ष्य

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश



में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत एक ही दिन में 35 करोड़ पौधों के रोपण का ऐतिहासिक लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त करने की दिशा में रविवार को व्यापक जनसहभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान वाराणसी मण्डल में संचालित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रवीन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नोडल मंत्री पूनम मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य विधान परिषद, शम्भू कुमार, आई.ए.एस. प्रबन्धक निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, डा0 रवि कुमार सिंह, आई.एफ.एस. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक वाराणसी, सत्येन्द्र कुमार, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, वाराणसी, प्रखर कुमार सिंह, आई.ए.एस., मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी, निधि चौहान, आई.एफ.एस., प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया पौधरोपण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित प्रदेश के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित राज्यव्यापी वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वाराणसी दक्षिण के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने एसएसपीजी मंडलीय जिला चिकित्सालय तथा महिला चिकित्सालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

### जिलाधिकारी ने अपने आवास पर किया पौधरोपण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण महाभियान पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को अपने सरकारी आवास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उनकी बेटी मैत्रेयी व मैथिली ने भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ पौधारोपण अभियान में सहभागिता निभाई तथा स्वयं अपने हाथों से पौधे लगाए। इस दौरान राकेश कुमार, जितेंद्र चौबे, मानसिंह, संजय सिंह, राम याद यादव, मोहित, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### मंत्री व एमएलसी ने पर्यावरण संरक्षकों का किया सम्मान पांच हजार पौधों का रोपण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के 'हरा-भरा प्रदेश, खुशियों का संदेश' तथा 'सुरक्षित जीवन, समृद्ध परिवेश' के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत वाराणसी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल तथा विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पर्यावरण संरक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा सेंट्रल जेल रोड के पीछे स्थित निर्धारित स्थल पर लगभग 5000 पौधों का रोपण किया गया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पर जिला जज ने किया पौधरोपण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वृक्षारोपण महायज्ञ, 2026 के अन्तर्गत ''एक पेड़ मॉ के नाम'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी का संरक्षण अति आवश्यक है।



# रोटरी क्लब सेंट्रल के प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप में डॉ. रितु गर्ग ने संभाला कार्यभार



**● 42 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी महिला को मिली जिम्मेदारी**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के 42वें अधिष्ठापन समारोह का आयोजन रविवार सायं कैंटोनमेंट स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण रोटेरियन डॉ. रितु गर्ग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल की अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण रहा। क्लब के 42 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी महिला ने अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. रितु गर्ग ने कहा कि रोटरी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, नेतृत्व और मानवता का वैश्विक आंदोलन है। उनका उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी एवं सकारात्मक परिवर्तन (Create Lasting Impact) लाना है। मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल ने अपने संबोधन में रोटरी द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी जैसी संस्थाएँ सरकार और समाज के बीच सकारात्मक सेतु का कार्य करती हैं।

# मध्यस्थता से खत्म करें ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी विवाद

**● अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी हाजिर नहीं होगी कोर्ट में**



**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी वाद में अब नया मोड़ आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस वाद में मध्यस्थता करने की बात कहते हुए सभी पक्षकारों को नोटिस जारी की है। इस नोटिस में कहा गया है कि सभी पक्ष 14 जुलाई को सिविल कोर्ट में उपस्थित होकर जज के सामने मध्यस्थता कर इस मामले का हल निकालें। इस मामले में हिंदू पक्ष मध्यस्थता को लेकर नाराज है। पूरे ज्ञानवापी की बात कर रहा है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने किसी भी हाल में मस्जिद को छोड़ने से इनकार कर दिया है। इसी बीच अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने यह फैसला लिया है कि इस समाधान समारोह में किसी भी स्तर पर शामिल नहीं होगी।

# घाट के समीप लगी आग व्यवस्था को चुनौती!

**वाराणसी।** दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के चितरंजन पार्क के निकट रविवार की शाम 7:30 बजे एक पुराने दो मंजिले भवन के अस्थायी टीन शेड में शार्ट-सर्किट के कारण आग ने व्यवस्था को चुनौती भी दी है। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और 10 मिनट की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है। आक्शन कैटलाग नम्बर – PARKING12BSB26, **कार्य का विवरण:** भटनी स्टेशन स्थित (दो पहिया) स्टैंड का ठेका, **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 24.07.2026, **ई-नीलामी का समय:** 10.00 बजे से 10.30 बजे तक। **कार्य का विवरण:** मऊ जं. स्थित (दो/तीन/चार पहिया) स्टैंड का ठेका, **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 24.07.2026, **ई-नीलामी का समय** : 10.00 बजे से 10.40 बजे तक।
● ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। ● ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/– (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10% (अर्नेस्ट मनी दस प्रतिशत) होगी जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी।
● ई-नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।
**सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी**
**मुजाधि/वा– 82**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# श्रावण में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करायेंगे बालव्यास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रख्यात कथा मर्मज्ञ पं. श्रीकांत शर्मा 'बालव्यास' आगामी श्रावण मास में काशी में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करायेंगे। काशी सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में काशी में होने वाली यह कथा इस बार समाज द्वारा आयोजित होगी। कथा महमूरगंज स्थित शुभम लान में आगामी 17अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक आयोजित होगी। कथा का रस-पान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक व्यास पंडित श्रीकांत शर्मा करायेंगे। यह बाल व्यास जी का काशी में कथा का 37वां वर्ष है। कथा प्रतिदिन अपराध 3:00 से सायं काल 6:00 बजे तक होगी। उक्त जानकारी दीपक बजाज, लोकेन्द करवा, संजय लोहिया, ओमप्रकाश तुलस्यान, अशोक सराफ, संजय कानोड़िया ने संयुक्त रूप से दी। इस बार की कथा के यजमान ओम प्रकाश तुलस्यान, बैजनाथ भालोटिया, केडी शुभम, श्रवण कुमार, भरत हैदराबाद, गोपाल केड़िया बेगूसराय, उर्मिला सिंह वाराणसी होगी। बैठक में संस्था के प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने बताया कि पंडाल व मंच सज्जा की तैयारियां जल्द शुरू की जायेगी जिसके लिए कोलकाता से कारीगरों को बुलाया गया है। भक्तों को बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। बाहर से आए भक्तों के लिए भी प्रबंध किया जा रहा है।

# बेकाबू पिकअप की चपेट में आने फर्नीचर कारीगर की चली गई जान

## गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम, मुआवजे की मांग

**● सड़क किनारे बैठकर लघुशंका करते समय हादसा**



**वाराणसी (पिंडरा)।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार में रविवार की रात तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 35 वर्षीय फर्नीचर कारीगर की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सोमवार की सुबह शव सड़क पर रखकर मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर वाराणसी-जौनपुर मार्ग जाम कर दिया। लगभग एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। पिंडरा बाजार निवासी स्व. मदन लाल विश्वकर्मा के पुत्र जयप्रकाश विश्वकर्मा उर्फ छोटू (35) फर्नीचर का कार्य करते थे। सोमवार रात करीब 1:30 बजे वह घर से बाहर निकलकर सड़क किनारे लघुशंका कर रहे थे। इसी दौरान फूलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर घर के पास खड़ी मैजिक मालवाहक से टकरा गई। टक्कर के जोरदार झटके से मैजिक वाहन जयप्रकाश से जा भिड़ा, जिससे वह उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन और आसपास के लोग उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के विरोध में सोमवार सुबह करीब छह बजे परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

# सोनभद्र समाचार

## सड़क किनारे बुजुर्ग को बेकाबू कार ने रौंदा, मौत

**चोपन।** जुगैल थानाक्षेत्र के अगोरी किले के पास रविवार की दोपहर बाद सड़क किनारे बैठकर लघुशंका कर रहे बुजुर्ग श्रीधर यादव (74) को अनियंत्रित कार ने रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी चोपन पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जुगैल थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी श्रीधर परिवार के ही एक युवक के साथ बाइक से किसी काम से चोपन बाजार जा रहे थे। दोपहर पौने दो बजे के करीब अगोरी किले के पास पहुंचे तो बाइक रुकवाई और वहां से कुछ दूर आगे सड़क किनारे चले गए। युवक ने भी सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी। उसी दौरान चोपन से बरगवां की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार किले के पास जाकर अनियंत्रित हो गई और उसने सड़क की पटरी पर जाकर बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। लोगों ने उन्हें तत्काल सीएचसी चोपन पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी जुगैल सीपी वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### तार जोड़ते समय करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बभनी।** स्थानीय थानाक्षेत्र के करचाटोला आसनडीह गांव में रविवार सुबह बिजली का तार जोड़ते समय करेंट लगने से रामप्रकाश (23) की मौत हो गई। पत्नी और घरवालों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। क्षेत्र के करचाटोला आसनडीह निवासी रामप्रकाश पुत्र बबई राम रविवार को सुबह करीब सात बजे घर पर बिजली का तार जोड़ रहे थे।

# देवरिया समाचार

### कुवैत में कपरवार के युवक की मौत

**बरहज।** कपरवार गांव निवासी अलीम शाह (42) की कुवैत में मौत हो गई। इसकी सूचना फोन पर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों न शव को गांव मंगवाने की मांग की है।

कपरवार निवासी अलीम शाह करीब एक साल पहले रोजी-रोटी के लिए कुवैत गए थे। परिवार वालों का कहना है कि साथियों की ओर से दी गई सूचना के अनुसार शनिवार को अलीम के सिर में तेज दर्द होने लगा थ। उसे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अलीम की मौत से पत्नी राबिया और मां कमरूनिशा का रो-रो कर बुरा हाल था। बेटे समीर, समर, बेटी रेशमा, छोटी बदहवास हैं। अलीम आठ भाइयों में चौथे नंबर पर था। थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# भदोही समाचार

## नहर के किनारे मिला युवक का शव

**ज्ञानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जगापुर गांव में रविवार की सुबह नहर के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवक की शिनाख्त कराई। उसकी पहचान गोपीगंज के भावसिंहपुर निवासी रणजीत गौतम (40) पुत्र अछैवर के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक शनिवार की शाम रणजीत घर से बाजार जाने के लिए निकला था। सुबह उसके मौत की खबर मिली। पुलिस के मुताबिक वह नशे का आदी था। सुबह शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। काफी देर तक ग्रामीणों से शिनाख्त का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों ने युवक की शिनाख्त की। प्रभारी निरीक्षक राम सरीख गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार वालों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा कि उसकी मौत कैसे हुई।

### करेंट की चपेट में आने से अधेड़ की गई जान

**भदोही।** जंगीगंज के कोइरौना थाना क्षेत्र के सेमराध ग्रामसभा के महमदपुर में रविवार करेंट लगने से गांव निवासी लालता प्रसाद यादव (57) की मौत हो गई। वे पशुओं को बचाने के लिए खेत में कटीले तार लगा रहे थे। इस बीच पास के ही बिजली के खंभे में प्रवाहित हो रहे करेंट की चपेट में आ गए। अधेड़ की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महमदपुर निवासी लालता रविवार सुबह स्नान और पूजा के बाद अपने घर के सामने स्थित खेत में पशुओं से बचाव के लिए लगाए गए तार को ठीक कर रहे थे।

# गाजीपुर समाचार

### सर्पदंश से महिला की मौत



**बारेसार।** थाना क्षेत्र के चौथी बांध की महिला शनिवार को सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पड़ोसी जगदीश चौहान ने बताया कि रंभा देवी (45) पत्नी प्रमोद चौहान अपने घर में खाना बना कर घर के बगल में बने मड़ई में झाड़ू लगा रही थी। वह ईंट से बने अलमारी को साफ कर रही थी कि उसमें पहले से छिपे सांप ने उनके ऊपर हमला कर दिया। परिजन झाड़ फूंक कराए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। उनका एक पुत्र अनूप चौहान व दो पुत्री सोनम तथा संजना है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि मृतका के पुत्र अनूप चौहान कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बलिया समाचार

## करेंट से कक्षा 9 के छात्र की मौत

**बैरिया ( बलिया )।** थाना क्षेत्र के शुभनथही गांव में रविवार को घर की बिजली का तार ठीक करते समय करंट लगने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। शुभनथही निवासी प्रिंस यादव (16) पुत्र टुनटुन यादव कक्षा 9 का छात्र था। रविवार को घर के तार में कुछ खराबी आ गई। उसे ठीक कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह झुलस गया और मौके पर ही गिरकर छटपटाने लगा। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। उसका बड़ा भाई अमरनाथ यादव दिल्ली में निजी नौकरी करता है, जबकि पिता टुनटुन यादव गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। थाना प्रभारी आरपी सिंह ने कहा कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की सहमति से शव का पंचनामा भरकर उन्हें अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। इसके बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

### 14 जुलाई तक जमा करें आउट ऑफ स्कूल बच्चों की रिपोर्ट

**इंदरपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल छोड़ चुके (आउट ऑफ स्कूल) बच्चों का डाटा जमा न करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) मनोज कुमार मिश्र ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों को 14 जुलाई 2026 तक हर हाल में रिपोर्ट जमा करने का अंतिम निर्देश दिया है।

# गोरखपुर समाचार

### 25 सितंबर को लखनऊ में होगी शिक्षक-कर्मचारियों की महारैली

**गोरखपुर।** पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और अन्य लंबित मांगों को लेकर अटेवा एवं एनएमओपीएस ने 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली करने का ऐलान किया है। इस संबंध में आरटीओ कार्यालय के सामने आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि प्रदेश भर से लाखों शिक्षक और कर्मचारी इस महारैली में शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दूबे ने और संचालन जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश सिंह ने किया। ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि संगठन का पहला कार्यक्रम 10 जुलाई से 15 अगस्त तक जनजागरण अभियान और ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठियां होंगी। दूसरा कार्यक्रम 29 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकालकर डीएम को मांगपत्र सौंपना है। इसके बाद 25 सितंबर को लखनऊ में वृहद महारैली आयोजित की जाएगी।

# मीरजापुर समाचार

## मा0 कैबिनेट मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों को प्रमाण व निशुल्क पौध का किया गया वितरण

**मीरजापुर।** मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन एवं प्रेरणा से ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत आयोजित''वृक्षारोपण महायज्ञ–2026'' के तहत एक ही दिन में ''35 करोड़ पौधों'' के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसी क्रम में जनपद मीरजापुर में ''97,61,600 पौधों'' के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसमें वन विभाग द्वारा ''48,36,000''तथा अन्य विभागों द्वारा ''49,25,600'' पौधों का रोपण किया गया। इस हेतु सभी विभागों को ''क्यूआर कोड आधारित इण्डेंट प्रणाली'' के माध्यम से शत–प्रतिशत निःशुल्क पौधे वन विभाग के पौधालयों से वितरण हेतु उपलब्ध करा दिये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय, मीरजापुर वन प्रभाग में एक ही दिन में रो. पित किये जाने वाले पौधों की सूचना/प्रमाण–पत्र विभागवार प्रति घंटे प्राप्त करने एवं रिपोर्टिंग हेतु जनपद स्तरीय कंट्रोल कक्ष का गठन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विवरण एवं मोबाइल नम्बर समस्त विभागों को उपलब्ध करवा दिये गये। जनपद का मुख्य वृक्षारोपण कार्यक्रम ''ग्राम सागर सेमरा, विकास खण्ड–पहाड़ी, रेंज विण्ढमफाल में 20 हे0 क्षे0'' पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राकेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन कर किया गया। तत्पश्चात मा0 मा० कैबिनेट मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले श्री आशीष पटेल द्वारा हरिशंकरी का पौधा रोपित कर ''वृक्षारोपण महायज्ञ– 2026'', ''पेड़ लगाओ– पेड़ बचाओ'' एवं ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक, छानबे, श्रीमती रिंकी कोल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, चेयरमैन सहकारिता डॉ0 जगदीश पटेल, महानिदेशक पर्यटन/नोडल अधिकारी डा0 वेदपति मिश्रा, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य वन संरक्षक सुशांत शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पीपल, पाकड़, बरगद, सहजन, आँवला, नीम, अर्जुन, जामुन एवं सागौन इत्यादि पौधो का पौधरोपण किया गया।

# चंदौली समाचार

### रात में खाना खाकर सोने गए, सुबह कुएं में मिली लाश

**नौगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोलाबाद गांव में रविवार को सुबह परमानंद विश्वकर्मा (50) का शव कुएं में पाया गया। आशंका है कि पैर फिसलने से परमानंद कुएं में गिरे होंगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि परमानंद मानसिक रूप से कमजोर थे। वह रविवार की रात खाना खाकर सोने चले गए थे लेकिन सोमवार सुबह घर में नहीं मिले। खोजबीन करने पर घर के पास स्थित कुएं में उनका शव मिला। घटना की जानकारी पाकर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकाला। परमानंद की पत्नी मुन्नी देवी, दो बेटे और तीन बेटियां हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है, बड़ा बेटा सूर्यप्रकाश विवाहित है जबकि छोटा बेटा चंद्रभान पढ़ाई करता है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पैर फिसलने से कुएं में गिरने की आशंका है।

# प्रयागराज समाचार

## मंत्री नंदी ने पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव पर भगवान शिव को किया नमन, 51 डमरुओं का हुआ नाद



**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रविवार को अपना 16वां पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव मनाया। बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं परिवार के सदस्यों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक पूजन कर कृतज्ञता जताई।

2010 में आरडीएक्स से हुए जानलेवा हमले में नंदी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उद्यमियों, व्यापारियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। जन्मोत्सव प्रयागराज के साथ प्रदेश भर में व्यापारियों ने मनाया। इस दिवस को साहस दिवस का नाम दिया। जगह जगह शिव मंदिरों में पूजन के साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। आसपास के जनपदों के साथ ही प्रदेश के अन्य जनपदों व विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचें।

12 जुलाई 2010 को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर शहर के बहादुरगंज में रिमोट कंट्रोल आरडीएक्स बम से हमला हुआ था। जिसमें एक सुरक्षा कर्मी और एक पत्रकार को मौत हो गई थी। नंदी बम ब्लास्ट में गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। लगातार चार महीने तक उनका अस्पताल में उपचार चला।

समारोह में रुद्राभिषेक पूजन में श्री दुर्गा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंझनपुर कौशाम्बी के 180 बटुक भी सम्मिलित हुए। जिन्होंने स्वस्तिवाचन के साथ ही मंत्रोच्चारण किया।

# आजमगढ़ समाचार

### दवा लेकर साइकिल से घर लौट रहे पिता-बेटी को बोलेरो ने मारा धक्का, बेटी की मौत, पिता घायल



**आजमगढ़।** तरवां थाना क्षेत्र के नौरसिया गांव के पास रविवार की दोपहर बोलेरो की चपेट में आने से पूनम कन्नौजिया (23) की मौत हो गई। जबकि उसके पिता प्रमोद कन्नौजिया घायल हो गए। दोनों तरवां बाजार से दवा लेकर साइकिल से घर लौट रहे थे। ग्रामीणों की मदद से दोनों को सौ शय्या अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रमोद को मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर रेफर किया गया। तरवां थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मऊ समाचार

## हाईस्कूल-इंटर परीक्षा 2027 के केंद्रों का होगा ऑनलाइन निर्धारण



**मऊ।** जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2027 के परीक्षा केंद्रों का निर्धारण इस वर्ष ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) गौतम प्रसाद ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप परीक्षा केंद्र चयन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी।

डीआईओएस ने बताया कि जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों को अपनी विद्यालयीय अवस्थापना, भौतिक संसाधनों, उपलब्ध सुविधाओं और अन्य आवश्यक आधारभूत विवरण परिषद के निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। इन सूचनाओं के आधार पर परीक्षा केंद्रों का चयन किया जाएगा।

गौतम प्रसाद ने सभी प्रधानाचार्यों प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंधकों से अपील की है कि वे परिषद के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने विद्यालय से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं 20 जुलाई, 2026 तक परिषद के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दें। निर्धारित समय-सीमा के बाद विलंब होने पर संबंधित विद्यालय की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। डीआईओएस ने कहा कि परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण और समयबद्ध है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रमुखों को समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा।

### मधुबन में करेंट लगने से युवक की मौत

**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र के सीधा अहिलासपुर गांव निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र यादव की करेंट लगने से मौत हो गई। एक सौर ऊर्जा कंपनी में काम के दौरान वह झुलस गए थे, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेंद्र यादव पुत्र रामायन यादव 'हस्क सौर ऊर्जा कंपनी' में कार्यरत थे। 8 जुलाई को काम करते समय वे अचानक करेंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। उनके सहकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। कई दिनों तक चले उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और 12 जुलाई को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# जौनपुर समाचार

## सामने से वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल



**चंदवक।** थाना क्षेत्र के गोमती पुल के पास शनिवार की शाम एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार सूरज प्रजापति उर्फ पिंकू (25) की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। केराकत के शेखजादा मोहल्ला निवासी मदन लाल प्रजापति ने बताया कि उनका भतीजा सूरज अपने मित्र सुभाष प्रजापति के साथ शनिवार की शाम बाइक से केराकत से वाराणसी जा रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे बलुआ गांव के समीप गोमती पुल के पास वाराणसी की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन से उनकी बाइक में सीधी टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए।

मौके पर राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी ले जाया गया। दोनों घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने सूरज प्रजापति को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुभाष प्रजापति का अभी इलाज जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा मदन लाल प्रजापति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डेढ़ महीने पहले ही पिता को मारा था लकवा-सूरज अपने पिता के चार संतानों में इकलौता बेटा था।

# सुल्तानपुर समाचार


## सुल्तानपुर में शोहदाए इस्लाम कांफ्रेंस और उर्स का आयोजन



**सुल्तानपुर।** बंधुआकला थाना अंतर्गत हसनपुर स्थित हज़रत अशशाह झलिया शहीद की दरगाह पर रविवार रात शोहदाए इस्लाम कांफ्रेंस व उर्स पाक का आयोजन किया गया। मौलाना मंजूर अहमद की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में कोलकाता से आए मौलाना सैफुल्लाह अलीमी ने लोगों को संबोधित किया। कोलकाता के मशहूर इस्लामिक स्कॉलर मौलाना सैफुल्लाह अलीमी ने रविवार देर रात करीब 11:15 बजे मीडिया से मुखातिब होते हुए कर्बला के शहीदों और हजरत इमाम अली मकाम की शहादत, हौसले और उनके सब्र व शुक्र का जिक्र किया। उन्होंने समाज को जुल्म और बर्बरता के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी। मौलाना अलीमी ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का मुख्य मकसद बिगड़े हुए नौजवानों को सही रास्ता दिखाना और उन्हें सब्र व शुक्र की अहमियत समझाना है। उन्होंने युवाओं से बुराई का रास्ता छोड़कर नेकी की राह पर चलने की अपील की। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज कौम के बच्चे और बच्चियां धार्मिक और दुनियावी दोनों ही तरह की शिक्षा के प्लेटफॉर्म से दूर हो रहे हैं। मौलाना ने कहा, 'अगर हमारे बच्चे दीनी और दुनियावी दोनों तालीम हासिल करेंगे, तो समाज में जिल्लत और रुसवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। हमारी कौम के युवाओं को IAS, IPS जैसे बड़े इम्तिहान पास करके उच्च पदों पर बैठना चाहिए, ताकि वे कौम और देश का नाम रोशन कर सकें और समाज को एक मजबूत सहारा दे सकें।' जब मौलाना से समाज में बढ़ती दहेज प्रथा के चलन को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज करते हुए 'बेहद घटिया हरकत' बताया। उन्होंने जानकारी दी कि दिसंबर 2022 से ही वे बिहार, बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में दहेज के खिलाफ लगातार मुहिम चला रहे हैं और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मौलाना शरीफ नवाज शीवली और मौलाना मंजूर अहमद ने तकरीरें कीं। असरार वरासी सुल्तानपूरी, एहसान शाकिर आज़मगढ़ी, असद इक़बाल कलकतवी और अज़मत सुल्तानपूरी ने नाते रसूल पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन फिरोज अख्तर रायबरेलवी ने किया। अंजुमन आशिकाने झलिया शाह तवंगर शाह ने आए हुए लोगों का धन्यवाद प्रकट किया।

# लाइफ मंत्र

## कब मनाई जाएगी आषाढ़ अमावस्या, जानिए स्नान-दान का शुभ मुहूर्त



हिंदू धर्म में आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन खास तौर पर पितरों का शांति, दान-पुण्य के कामों और किसी पवित्र नदी में स्नान करने के लिए समर्पित होता है। इस अमावस्या पर मंगलवार का संयोग बनने के कारण इसे भौमवती अमावस्या के नाम से कहा जा सकता है। इसके अलावा, इसे हलहारिणी अमावस्या के रूप में भी मनाया जाता है, जो किसानों के लिए बेहद खास है। पितरों के तर्पण, कालसर्प दोष निवारण, मंगल दोष की शांति के लिए यह दिन बहुत खास माना जाता है। तो आइए जानते हैं कि आषाढ़ अमावस्या के शुभ मुहूर्त और स्नान-दान के बारे में-

**आषाढ़ अमावस्या तिथि**

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ अमावस्या की तिथि की शुरुआत 13 जुलाई को शाम 6 बजकर 50 मिनट पर होगी और इसका समापन 14 जुलाई को दोपहर 3 बजकर 14 मिनट पर होगा।

**आषाढ़ अमावस्या स्नान-दान शुभ मुहूर्त**

इस दिन स्नान व दान का मुहूर्त सुबह 4 बजकर 30 मिनट से शुरू होगा और सुबह 5 बजकर 32 मिनट तक रहेगा।

**आषाढ़ अमावस्या का महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ अमावस्या के बाद से ही वर्षा ऋतु का पूरी तरह आगमन हो जाता है और इसके तुरंत बाद पवित्र सावन का महीना और चातुर्मास शुरू होता है। इसलिए, आध्यात्मिक शुद्धि के लिए इस दिन को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

माना जाता है कि इस दिन किया गया तर्पण सीधे पूर्वजों तक पहुंचता है। जिनकी कुंडली में पितृ दोष है, उन्हें इस दिन शांति पूजा अवश्य करनी चाहिए।

## डार्क ड्रेसेस के साथ पहनें ये Hand Bracelet, मिलेगा स्टाइलिश Party Look



ज्यादातर महिलाएं डार्क कलर की ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। आप डार्क कलर की ड्रेस पहन रही हैं। लेकिन इसके साथ कौन सी एक्सेसरीज पहनें, इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ज्यादातर महिलाएं डार्क कलर की ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप भी किसी खास मौके पर या किसी खास पार्टी या इवेंट में जा रही हैं। वहीं आप डार्क कलर की ड्रेस पहन रही हैं। लेकिन इसके साथ कौन सी एक्सेसरीज पहनें, इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप डार्क कलर की ड्रेस के साथ कौन से हैंड ब्रेसलेट कैरी कर सकती हैं।

**जियोमेट्रिक हॉलो आउट पैटर्न ब्रेसलेट**

आप डार्क कलर की ड्रेस के साथ जियोमेट्रिक हॉलो आउट पैटर्न ब्रेसलेट को शामिल कर सकती हैं। यह डिजाइंस इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। यह ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद है। आप इसको ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीद सकती हैं।

**आयरन मेटल स्पाइरल कफ ब्रेसलेट सेट**

अगर आपको भी ब्रेसलेट पहनने का शौक है, तो आप डार्क कलर के ड्रेस के साथ आयरन मेटल स्पाइरल कफ ब्रेसलेट सेट कैरी कर सकती हैं। यह डिजाइंस इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। यह आपके हाथों को अट्रैक्टिव और रॉयल लुक देने का काम करेगा।

**कैज़ुअल विंग स्टाइल ब्रेसलेट**

आप इस तरह का नए डिजाइन वाला हैंड कैजुअल विंग स्टाइल ब्रेसलेट भी पहन सकती हैं। आप यह नजदीकी मार्केट में ज्वेलरी शॉप से खरीद सकती हैं। डार्क कलर की ड्रेस के साथ ऐसे ब्रेसलेट परफेक्ट लुक देने का काम करेंगे।

**हॉलोवड आउट अडजस्टेबल ब्रेसलेट**

इस तरह का हॉलोवड आउट अडजस्टेबल ब्रेसलेट भी परफेक्ट हो सकता है। यह ब्रेसलेट आपको स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा। वहीं यह आपके हाथों की खूबसूरती को बढ़ा देगी। इसको आप किसी भी ड्रेस के साथ शामिल कर सकती हैं।

**लीफ पैटर्न कफ ब्रेसलेट**

अगर आप किसी खास इवेंट में डार्क कलर के कपड़े पहनकर जा रही हैं, तो अपने लुक को खास बनाने के लिए ट्रेंडी लीफ पैटर्न कफ ब्रेसलेट कैरी कर सकती हैं। यह ब्रेसलेट आपके हाथों को रॉयल लुक देने का काम करेंगे। आप इसको ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।



## Salon जैसी Shine अब घर पर! ये Keratin Hair Mask रूखे बालों को बना सकता है चमकदार

**किसी भी केमिकल ट्रीटमेंट के बाद भी अगर आप सही से बालों की केयर नहीं करती हैं, तो बाल डैमेज और ड्राई होने लगते हैं। केमिकल ट्रीटमेंट किए बाल अधिक नाजुक होते हैं। इससे बालों के टूटने का खतरा होता है।**

हर महिला की यह चाहत होती है कि उसके बाल घने, मुलायम और शाइनी हों। लेकिन कई बार बालों को खूबसूरत बनाने के लिए केमिकल ट्रीटमेंट लेती हैं। तो उनके बाल डैमेज होने लगते हैं।

किसी भी केमिकल ट्रीटमेंट के बाद भी अगर आप सही से बालों की केयर नहीं करती हैं, तो बाल डैमेज और ड्राई होने लगते हैं। केमिकल ट्रीटमेंट किए बाल अधिक नाजुक होते हैं। इससे बालों के टूटने का खतरा होता है।

ऐसे में बालों में सही हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी केमिकल ट्रीटमेंट के बाद बालों के ड्राई होने से परेशान हैं। वहीं अच्छे शैंपू और मास्क की तलाश में हैं। तो गोदरेज प्रोफेशनल केराकेयर केराटिन रिपेयर शैम्पू और मास्क एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। केमिकल ट्रीटमेंट किए हुए बालों के लिए सल्फेट और पैराबेन-फ्री शैम्पू और मास्क बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने में मदद करता है।

गोदरेज प्रोफेशनल केराकेयर केराटिन रिपेयर शैंपू और मास्क की कंपनी का दावा है कि यह पूरी तरह से सल्फेट फ्री है।

इन प्रोडक्ट्स में पैराबेन नहीं मिलाए गए हैं। जिसके कारण इसके बार-बार इस्तेमाल से भी बालों को भी कोई नुकसान नहीं होता है। यह शैंपू और हेयर मास्क केमिकल ट्रीटमेंट किए हुए बालों को डैमेज फ्री बनाते हैं। यह बालों की शाइन लाने में सहायता करता है। इन दोनों प्रोडक्ट्स बालों में नमी बनाए रखते हैं और फ्रिज को कंट्रोल करते हैं। इन दोनों प्रोडक्ट्स को किसी भी तरह के बालों के लिए बनाया गया है। इनमें कोई हानिकारक केमिकल मौजूद नहीं है, इससे भी बालों को कोई नुकसान नहीं होगा।

**कीमत**

गोदरेज प्रोफेशनल केराकेयर केराटिन रिपेयर शैंपू और हेयर मास्क की कीमत ज्यादा नहीं है। आपको ऑनलाइन यह काफी सस्ती कीमत में मिल सकते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इसके इस्तेमाल से पहले बालों को अच्छे से गीला कर लें। फिर स्कैल्प पर केराकेयर रिपेयर शैंपू को समान रूप से लगाएं। इसको जड़ों की ओर से झाग बनाकर पूरे बालों में अच्छे से लगाएं। कम से कम इसको बालों में 5 मिनट तक लगाए रखें।

5 मिनट बाद हेयर वॉश कर लें और फिर केराकेयर केराटिन रिपेयर मास्क लगाएं। इससे आपके बालों की शाइन बढ़ेगी।

केराकेयर हेयर मास्क बालों में 5 मिनट के लिए अप्लाई करें। इसको स्कैल्प पर नहीं लगाना है। 5 मिनट बाद हेयर वॉश कर कर लें। इससे आपके बालों की चमक बढ़ेगी।

**फायदे**

किसी भी तरह के बालों के लिए गोदरेज प्रोफेशनल केराकेयर केराटिन रिपेयर शैंपू बेस्ट है। यह केमिकल ट्रीटेड बालों में शाइन लाता है और बाल पहले से ज्यादा हेल्दी दिखने लगते हैं। रूखे और क्षतिग्रस्त बालों के अलावा यह शैंपू केमिकल ट्रीटेड बालों के लिए भी सही है।

केराकेयर केराटिन रिपेयर शैंपू में गेहूं और अंगूर के बीज का तेल प्रोटीन मुख्य तत्व हैं। अंगूर के बीज का तेल आपके बालों को नमी प्रदान करता है और बालों को कंडीशन करता है। जिससे बाल शाइनी और हेल्दी बने रहते हैं।

**नुकसान**

अगर आपके बाल केमिकल ट्रीटेड हैं, तो इस शैंपू और मास्क से बालों पर कोई नुकसान नहीं हो सकता है। हालांकि सभी के बालों पर प्रोडक्ट का रिजल्ट अलग होता है। इसलिए इस का दावा नहीं किया जा सकता है कि इसका आपके बालों पर नुकसान नहीं हो सकता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

## लीची में छिपा है Anti-Aging खूबसूरती का राज, घर पर बनाएं ये मैजिकल Face Serum



महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बजाय अब घर पर ही लीची, गुलाब जल और विटामिन ई से एंटी-एजिंग फेस सीरम तैयार किया जा सकता है। यह होममेड सीरम न केवल कम खर्च में त्वचा को जवां और ग्लोइंग बनाने में मदद करता है, बल्कि इसे बनाने की विधि भी बेहद आसान है। आजकल स्किन संबंधित काफी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण भी स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कई महिलाएं हर महीने तरह-तरह के महंगे ट्रीटमेंट्स करवाती है। कुछ महिलाएं महंगे प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती है, फिर भी मनचाह रिजल्ट नहीं मिलता है। अब आप कम खर्चे में घर पर ही एक खास एंटी-एजिंग फेस सीरम को तैयार कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कैसे बनाएं फेस सीरम।

**चेहरे के लिए लीची का इस्तेमाल**

स्किन और ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार, लंबे समय तक स्किन को जवां और ग्लोइंग बनाने के लिए आप कई तरह के प्रयास कर सकते हैं। इसके लिए आप प्राकृतिक रुप से स्किन केयर कर सकती हैं। लीची हेल्थ के लिए अच्छा माना जाता है जबकि यह स्किन के लिए भी सेहतमंद साबित होता है। यह चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा सकता है। अब घर पर ही आराम से लीची का होममेड फेस सीरम तैयार कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाएं-

**लीची सीरम बनाने के लिए सामग्री**

-4-5 ताजी लीची

-एक चम्मच गुलाब जल

-टी-ट्री ऑयल की कुछ बूंदें

-1 विटामिन ई कैप्सूल

**लीची फेस सीरम बनाने का तरीका**

- लीची का सीरम बनाना बेहद आसान है। सबसे पहले आप लीची के छिलके को निकालकर इसका गूदा अलग कर लें।

- इस गूदे में थोड़ा गुलाब जल और टी-ट्री ऑयल को मिक्स कर लें।

- अब इसमें थोड़ा-सा विटामिन ई कैप्सूल मिला लें, फिर इन सभी सामग्रियों को अच्छे से फेंट लें।

- जब यह मिश्रण अच्छे तरीके से बनकर तैयार हो जाए, तो आप इसको एक एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख सकते हैं।

- इसका आप एक हफ्ते तक लगातार इस्तेमाल कर सकती हैं।

- यह आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होगा।

**इन बातों का रखें ध्यान**

यदि आप लीची का सीरम घर पर बना रहें, तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरुर करें। खासकर घर पर बना हुआ सीरम जल्दी खराब हो सकता है, इसलिए इसे लंबे समय तक भी स्टोर न करें। यदि आपको यह सूट करता है, तो इसको दोबारा इसी प्रक्रिया से तैयार कर लें।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170